हिन्दुस्तान

इंटर व मैट्रिक का परीक्षा फॉर्म अब 8 तक भर सकेंगे

पटना। बिहार बोर्ड ने इंटर और मैट्रिक 2023 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। जिन छात्रों ने अभी तक परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है, वे आठ अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने पहले 25 सितंबर तक का समय दिया था। बोर्ड ने कहा है कि जिन छात्रों का पंजीयन शुल्क अभी तक जमा नहीं हो पाया है, उनका पंजीयन शुल्क भी आठ अक्टूबर तक जमा किया जा सकता है।

बिहार बोर्ड ने भेजा निर्देश

जिनका पंजीयन या परीक्षा फॉर्म शुल्क जमा नहीं होगा, उनका प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा बोर्ड ने सभी स्कूल और कॉलेजों को निर्देश दिया है कि अगर किसी छात्र के मूल पंजीयन कार्ड में अंकित नाम, अभिभावक के नाम, फोटो, जन्मतिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, विषय आदि में किसी प्रकार की त्रुटि रह गई है तो उसे ऑनलाइन सुधार कर लें, क्योंकि बाद में बोर्ड द्वारा मौका नहीं दिया जायेगा।